भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2640

जिसका उत्तर 18.12.2024 को दिया जाना है

विभिन्न स्थानों को निजामाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ जोड़ना

2640 डा. अजित माधवराव गोपछड़े:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्गमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा शिरुरु (ताजबंद), जांब, मुखेड़, गडगा, नरसी, बिलोली, बोधन, कंदकुर्ति निजामाबाद जैसे स्थानों को निजामाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग और तत्पश्चात एनएच-361 से जोड़ने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, जिससे कंदकुर्ति सहित इन क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस परियोजना के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है और उक्त परियोजना कब तक होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। एनएच-63 पर तेलंगाना में बोधन-निजामाबाद खंड को छोडकर, शिरुरू (ताजबंद) - जांब - मुखेड - गडगा - नरसी - बिलोली - बोधन - कंदकुर्ति - निजामाबाद को निजामाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग और उसके बाद एनएच-361 से जोड़ने वाली सड़कें मुख्य रूप से राज्य की सड़कें हैं। इन राज्य सड़कों का विकास तेलंगाना और महाराष्ट्र की संबंधित राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। तेलंगाना राज्य में एनएच-63 के बोधन-निजामाबाद खंड पर स्वीकृत कार्यों का विवरण संलग्न है।

अनुबंध

'विभिन्न स्थानों को निजामाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ जोड़ना' के संबंध में डा. अजित माधवराव गोपछड़े द्वारा पूछे गए दिनांक 18.12.2024 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2640 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

तेलंगाना राज्य में एनएच-63 के बोधन-निजामाबाद खंड पर स्वीकृत कार्यों का विवरण

क्र.सं.	रारा सं.	कार्य का नाम	लंबाई (किमी)	स्वीकृत लागत (करोड़ रुपए में)	स्थिति
1	63	एनएच-63 के निजामाबाद-बोधन सडक के किमी 10/2 से किमी 26/8 तक विस्तार करना तथा एनएच-63 के निजामाबाद-जगदलपुर सडक के किमी 2/7, किमी 4/8 और किमी 24/6 से किमी 25/0 तक सुदृढ़ीकरण	19.1	43.24	पूरा हो गया
2	63	एनएच-63 के किमी 0/0 से किमी 8/380 तक पेव्ड शोल्डर के साथ 2-लेन का सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण	8.38	47.68	मार्च 2025तक पूरा होने की निर्धारित/संशोधित तिथि के साथ प्रगति पर

*****